आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज एक दिन के मुंबई दौरे पर रहेंगे। अपनी यात्रा के दौरान, वे भारतीय रिजर्व बैंक के 90 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित समारोह में शामिल होंगे। भारतीय रिज़र्व बैंक ने एक अप्रैल 1935 से कार्य करना शुरू किया था और आज इसके 90 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर आयोजित समारोह में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त राज्य मंत्री भागवत किशनराव कराड व पंकज चौधरी भी हिस्सा लेंगे। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास भी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने देर शाम अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इस सूची में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को राष्ट्रीय नेताओं के साथ कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में शामिल किया गया है। सूची के अनुसार मुख्यमंत्री प्रदेश से बाहर भी चुनाव प्रचार के लिए जा सकते हैं।

इस बीच लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान भी शुरू हो गया है। मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत आज मंडी के विभिन्न स्थानों पर होने वाली बैठकों में हिस्सा लेंगी। इसके अतिरिक्त वे भीमाकाली मंदिर के सभागार में होने वाली बैठक में मौजूद रहेंगी। बैठक में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर व पार्टी प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल भी मौजूद रहेंगे।

वित्त मंत्रालय

वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि आज से शुरू होने वाले वित्त वर्ष में कर प्रणाली में कोई नया बदलाव नहीं किया जा रहा है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर नई कर व्यवस्था के संबंध में दी जा रही सूचनाओं को भ्रामक बताते हुए इनका खंडन किया है। मंत्रालय ने कहा है कि नई कर व्यवस्था मुख्य रूप से व्यक्तिगत करदाताओं पर लागू होती है। ये वित्त वर्ष 2023–24 से डिफ़ॉल्ट व्यवस्था के रूप में लागू है। नई कर व्यवस्था में कर की दरें काफी कम हैं लेकिन इसमें वेतन से 50 हजार रुपये और पारिवारिक पेंशन से 15 हजार रुपये की मानक कटौती जैसे लाभ शामिल नहीं है। मंत्रालय ने कहा है कि नई कर व्यवस्था डिफ़ॉल्ट कर व्यवस्था है, हालांकि करदाता अपने फायदे को देखते हुए दोनों में से कोई एक व्यवस्था चुन सकता है। मंत्रालय ने कहा है कि नई कर व्यवस्था से बाहर निकलने का विकल्प आकलन वर्ष 2024–25 के लिए रिटर्न दाखिल करने से पहले चुना जा सकता है। बिना किसी व्यावसायिक आय वाले पात्र व्यक्तियों के पास हर वित्त वर्ष के लिए कर व्यवस्था चुनने का विकल्प होगा। कोई भी व्यक्ति एक वित्त वर्ष में नई कर व्यवस्था और दूसरे वर्ष में पुरानी कर व्यवस्था चुन सकता है।

लघु शिवरात्रि मेला

मंडी जिले के जोगिन्दर नगर का राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला आज देवताओं की भव्य जलेब के साथ शुरू होगा। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन मेले का विधिवत शुभारंभ करेंगे। इस बार लगभग एक सौ से अधिक देवी देवताओं को मेले में भाग लेने का निमंत्रण दिया गया है। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम

आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इसके अतिरिक्त मेले के पहले दिन आज रन फॉर डेमोक्रेसी थीम पर मैराथन और मतदाता जागरूकता पर आधारित महिलाओं की रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित होगी।

<u>और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....</u>

आज अखबारों ने नए वित्त वर्ष में होने वाले बदलावों को लेकर खबरों को प्रमुखता दी है। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है बजट भाषण में किए गए वायदों के अनुसार जारी अधिसूचना पर होगा अमल, आज खाते में आएगा पैंशन एरियर। पंजाब केसरी के शब्द हैं हिमाचल में आज से मिलेगी बढ़ी दिहाड़ी, जन प्रतिनिधियों के मानदेय में भी होगी बढ़ौतरी–नई आबकारी नीति होगी लागू। दैनिक जागरण का शीर्षक है नए वित्त वर्ष में हिमाचल में होंगे कई बदलाव। दैनिक भास्कर लिखता है आज से तीन लाख कर्मचारियों, पैंशनरों को मिलेगा चार प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ, गाय–भैंस के दूध पर आज से एम.एस.पी लागू।

लोकसभा चुनाव से जुड़ी खबर पर हिमाचल दस्तक ने सुर्खी दी है सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू कांग्रेस के स्टार प्रचारक। इसी अखबार की एक अन्य खबर है लोकसभा चुनाव के लिए दमदार प्रत्याशी उतारना चाहती है कांग्रेस– विधायकों, पूर्व विधायकों व पूर्व प्रत्याशियों से ली जाएगी फीडबैक। आपका फैसला विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर के हवाले से लिखता है सरकार अपना बहुमत खो चुकी है।

विधायकी से इस्तीफा मंजूर करवाने के लिए कोर्ट जाएंगे तीनों निर्दलीय विधायक खबर को दैनिक भास्कर ने प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की एक खबर है निगम की लग्ज़री बसों में आज से सफर महंगा, 30 सितंबर तक नहीं मिलेगी दस प्रतिशत छूट।

खुले बाज़ार में ठेकेदारों के बीच होगी कड़ी प्रतिस्पर्धा शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है आज से ठेकेदार स्वयं तय करेंगे शराब बिक्री के दाम।

दैनिक सवेरा टाइम्स की एक खबर है हिमाचल में भवन मालिकों को लगेगा महंगी बिजली का करंट, बगैर नक्शा पास करवाए बने भवनों को मिलेगी महंगी बिजली।

मौसम पर अमर उजाला की सुर्खी है प्रदेश में चोटियों पर बर्फबारी, लाहौल में गिरे दो हिमखंड, दो एन.एच, 274 सड़कें अभी भी बंद–आज व कल मौसम साफ, 3 से 6 अप्रैल तक बारिश बर्फबारी का यलो अलर्ट।